पर्व — पाली, मानपुर, नौरोजाबाद सहित जिले भर में उत्साह से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

# बहनों ने भाइयों के खुशहाल जीवन की कामना की

**चिल्हारी नवभारत 10 अगस्त।** पाली, मानपुर, नौरोजाबाद सहित जिले भर में सभी जगहों में शनिवार को भाई बहन के अटूट रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से लेकर देश देर शाम तक पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी व रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कर भाई के खुशहाल जीवन की कामना की।

इस दौरान भाइयों ने भी अपनी बहाने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। पर्व को लेकर पूर्व से बहनों ने सभी तैयारियां कर ली थी। इस पवित्र त्यौहार के चलते पहले बहनों के चेहरे में उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे भी राखी बंधवाने के लिए अधिक उत्साहित नजर आए। सुबह से लेकर देर शाम तक बस स्टैंड द्वारा रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना बना रहा। पर्व को लेकर ट्रेन और बसों में भारी भीड़ देखी गई तथा सुबह से मिठाई की दुकान वह गिफ्ट केंद्र में लोगों की भीड़ बनी रही।



## 212 बंदियों को बहनों ने बांधी राखी

जेल प्रबंधन में पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। जेल नियम के तहत सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बहनों को जेल में बंद अपने परिजनों को राखी बांधने की अनुमति दी गई थी। इस दौरान 212 बंदियों से बहनों ने मुलाकात कर राखी बांधी। इस दौरान बहनों ने कलाई में राखी बांधकर अपने भाईयों को मिष्ठान खिलाया तथा अपने साथ लाए पकवानों को भी भाईयों को खिलाया। जेल प्रबंधन ने बताया कि जेल कैंटीन से ही खाद्य सामग्री लेने की अनुमति थी। जेल प्रबंधन की तरफ से पूजा की थाली, हल्दी और चंदन की सुविधा प्रदान की गई थी। जेल में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचने लगी थी। इस दौरान जेल गेट के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था।





# कजलियां पर्व पर मानपुर में लगा मेला

▸ **भोलेनाथ को कजलियां अर्पित कर लिया आशीर्वाद**

**चिल्हारी नवभारत 10 अगस्त।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के बस स्टैंड स्थित हनुमंत लला मन्दिर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कजलियों का परम्पारिक त्यौहार मनाया गया।

यहां की परम्परा है कि लोग सबसे पहले कजलियां लेकर बस स्टैंड स्थित चिल्हरिहा तालाब जाएंगे। वहां से कजलियों को ठंडी कर सबसे पहले मन्दिर में विराजमान हनुमान राम लक्ष्मण सीता एवं बांके बिहारी राधा रानी तथा भगवान भोलेनाथ को कजलियां अर्पित कर आशीर्वाद लेकर सभी ग्रामीण जन एक दूसरे को कजलियां देते हुए सभी गिले सिकवे मिटा कर एक दूसरे से प्रेम से मिलते हैं।

### कई गांवों के लोग आते हैं मन्दिर में

कजलियों के इस पवित्र त्यौहार को कई स्थानों में खजुरिया, खजुललिया कहते हैं यह प्रकृति प्रेम एवं खुशहाली का त्यौहार है। इस त्यौहार में परिवार एवं रिस्तेदारों एवं ग्रामीण जनों को कजलियां देकर गले मिलना बड़ों का छोटो को आशीर्वाद एवं उपहार देना इस परम्परा का विशेष महत्व है। बता दें कि कजलियों के इस पावन पर्व पर चिल्हारी एवं आसपास के गांवों पलझा,बरदौहा पनपथा, चिन्सुरा चन्दवार कुसमहा कोठियां महरोई अषोढ वेल्दी आदि कई गांवों के लोग इस परम्पारिक त्यौहार में शामिल होकर हजारों की तादाद में मन्दिर में विराजमान भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कार पलटी, पूर्व मंत्री की बेटी व दामाद घायल

**नवभारत उमरिया 10 अगस्त।** उमरिया-बांधवगढ़ सड़क मार्ग में ग्राम बड़ेरी के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार में पूर्व मंत्री स्व. राम किशोर शुक्ला की बेटी और दामाद सवार थे। घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह पूर्व मंत्री की बेटी और दामाद कार नंबर एमपी 04, ईसी 6379 में सवार होकर जबलपुर से ब्योहारी की तरफ जा रहे थे, तभी जिले के बांधवगढ़ रोड में ग्राम बड़ेरी के आगे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे कार में सवार अनीता पांडे और विनय पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।



## कलेक्टर कार्यालय में रक्तदान शिविर 14 को

**नवभारत, दमोह 10 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस व तिरंगा उत्सव के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में 14 अगस्त को कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया यह शिविर प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# बाढ़ पीड़ित बहनों से राज्यमंत्री ने बंधवाई राखी

▸ **कहा- आपदा की चपेट में आए लोगों का दर्द समझता हूं**

**नवभारत,जबेरा 10 अगस्त।** जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र की जनपद तेंदूखेड़ा के ग्रामों में विगत दिनों आई बाढ़ आपदा से जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ था, जिसमें झमरा ग्राम भी बाढ़ आपदा की चपेट में आने से आमजन के दर्द को जानते हुए स्थानीय विधायक व प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व व धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ग्राम झमरा पहुंचे और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों से बारी-बारी से राखी बंधवाई। राखी बंधवाते वक्त मंत्री श्री लोधी ने साड़ी, मिठाई और उपहार बहनों को भेंट किये। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आप सभी का दर्द मेरे हृदय में विराजमान है. संकट के समय में आपका भैया धर्मेंद्र आप सभी के साथ खड़ा है.





## एक नजर में



### वृद्धाश्रम में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के डॉ. कानेटकर नें रक्षाबंधन के पावन अवसर पर वृद्धाश्रम में राखी बांधकर, फल वितरित किए. वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों ने भजन गाया व प्रसन्नता व्यक्त की. विद्यालय के आचार्य परिवार ने वृद्धाश्रम में रहने वालों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की.बहिनें राखी बांधकर भाई को मर्यादा में रहने की प्रेरणा देती है. रक्षाबंधन से आध्यात्मिक, पवित्रता, सुरक्षा, में रहने की प्रेरणा देती हैं.इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ऋषभ कुमार जैन, विवेक सेन, रामकुमार सेन, कृष्ण कुमार कुशवाह व श्रीमती कल्पना सोनी की उपस्थिति रहीं।

### कच्ची महुआ शराब जब्त

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** शहर के उद्योग कार्यालय के पास कुंचबदियां मोहल्ले में कच्ची महुआ शराब पर चौकी जबलपुर नाका पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और सीएसपी एचआर पांडे के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात रचना मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी ने पुलिस बल की मौजूदगी में कुंचबदिया मोहल्ले में दबिश देकर भारी मात्रा में शराब जब्त कर चार प्रकरण बनाए.





### बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि अंतरित

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से दमोह जिले के 1793 बाढ़ प्रभावित हितग्राहियों को एक करोड़ 87 लाख रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया, भाव सिंह लोधी, गोपाल पटेल, राघवेंद्र सिंह परिहार, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम आरएल बागरी व हितग्राही मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से प्रदेश के 28 हजार से अधिक बाढ़ प्रभावितों को 30 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण कर प्रभावितों से चर्चा कर रहे थे। जिले के ग्राम तारादेही की रहने वाली हल्लीबाई ठाकुर ने कहा कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय आई थी, मुख्यमंत्री से मेरी चर्चा हुई. बाढ़ में मेरे घर का जो नुकसान हुआ उसका लाभ दिया है. मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती हूं। जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा के ग्राम झमरा सरपंच प्रतिनिधि युवराज यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्राम झमरा और खमतरा में अतिवृष्टि के कारण लोगों के मकान, खाना-पीना, कपड़ा सब बर्बाद हो गये। हमारी ग्राम पंचायत के द्वारा तुरंत लोगों को खाने-पीने की लगातार चार-पांच दिन ग्राम पंचायत के द्वारा भंडारा दिया गया व शासन द्वारा मदद की गई।

# नगर के सभी विप्रों ने मनाया श्रावणी पर्व

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** शहर के समस्त विप्र बंधुओं ने श्रावणी पर्व मनाया, जिसमें पं. आचार्य मुरलीधर शास्त्री ने बताया श्रावणी पर्व का महत्व सनातन धर्म में श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले श्रावणी उपाकर्म का बहुत महत्व है.

महापर्व का संबंध उस पवित्र ब्रह्मसूत्र से है जिसके तीन धागे देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक माने जाते हैं. ब्रह्मसूत्र, यज्ञोपवीत या फिर कहें जनेऊ से जुड़ा पर्व साल भर में एक बार आता है. इसलिए लोग इसका बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं. श्रावणी उपाकर्म को आत्मशुद्धि का पर्व माना जाता है. पूजा विधि और उसके धार्मिक महत्व श्रावणी उपाकर्म की विधि-विधान इस प्रकार है. इस पावन पर्व पर पुराने यज्ञोपवीत यानी जनेऊ को बदलने के लिए लोग किसी एक नदी या फिर तीर्थ स्थान पर इकट्ठे होते हैं. इसके बाद गुरु के निर्देशन के अनुसार ये कार्य संपन्न करते हैं.



पुराने जनेऊ को बदलने के लिए सबसे पहले गाय के दूध, दही, घी के साथ ही गोबर, गोमूत्र और पवित्र कुशा को अपने हाथ में लेकर पूरे साल किए गए पाप-कर्म को प्रायश्चित करते हैं। पं. विशेष शास्त्री ने बताया कि प्रात:काल उठकर संध्या करने के बाद, ग्राम छपरठ, बम्हौरी कोपरा नदी के तट पर जाकर उपाकर्म किया गया, जिसमें पं. राहुल शास्त्री, पं. रीतेश मिश्रा, पं. पंकज शास्त्री, पं. विशेष तिवारी, पं. हरिशंकर पाण्डेय, पं. शर्मा, पं. संजय नगायच आदि की उपस्थिति रही.

## संस्कृत भाषा सभी को सीखना चाहिए : पं. डिम्हा

**नवभारत, दमोह।** तीर्थ क्षेत्र श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में स्थित संस्कृत वेद वेदांग विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि शुक्रवार को संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत शिव शिक्षा सदन हाईस्कूल बम्होरी बांदकपुर में संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य पंडित कुंजीलाल डिम्हा द्वारा संस्कृत क्यों आवश्यक विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच व्याख्यान दिया गया. उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन कई कारणों से आवश्यक है, जिनमें हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझना, प्राचीन ग्रंथों तक पहुंच प्राप्त करना और भाषा के वैज्ञानिक और तार्किक पहलुओं को जानना शामिल है. संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है और भारतीय संस्कृति, साहित्य, और दर्शन का आधार है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, और अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं.संस्कृत को दुनिया की सबसे स्पष्ट और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक माना जाता है. उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्ययन परमात्मा की संतुष्टि के लिए भी किया जाता है। संस्कृत में कई सूक्तियां हैं जो जीवन के बारे में ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

## एसबीआई के एटीएम महीनों से ठप, उपभोक्ता हो रहे परेशान

**नवभारत, पथरिया 10 अगस्त।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा पथरिया के एटीएम तकनीकी या राशि कम होने के अभाव के कारण ज्यादातर बंद ही रहते हैं। मुख्य त्यौहारों पर भी देखा जाए तो मशीन बंद ही हैं, और सबसे बड़ी बात तो यह है कि बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों की परेशानियों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है।

उक्त बैंक में शासकीय सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारी कर्मचारी वर्ग, पेंशनधारी, व्यापारियों, दुकानदारों, बड़े किसानों आदि के सबसे ज्यादा खातें हैं और एसबीआई बैंक के नियमानुसार ज्यादातर लेनदेन एटीएम के माध्यम से ही होता है। इसके बाबजूद सबसे अधिक सेवाएं इसी एटीएम की बाधित रहती है। योगेश हारिया, सोनू पटेल, रूपेश कुर्मी ने बताया कि जब भी आते है बंद या कैश नहीं होना जैसे कारण बने रहते है। एटीएम केवल शो पीस जैसा है और कुछ नहीं।



# जेल के बंदियों को बहनों ने बांधी राखी

**नवभारत, दमोह 10 अगस्त।** रक्षाबंधन के पर्व पर जेल के बंदियों को उनकी बहनों ने राखी बांधी। इस दौरान परिजनों मुलाकात करने का सिलसिला शनिवार सुबह से दोपहर तक चलता रहा. जेल अधीक्षक सीएल प्रजापति ने बताया कि जेल में बंद बंदी 278 पुरुष व 13 महिला कुल 291 से 4 महिला बंदियों से 5 भाई व 192 बंदियों से 496 बहनों व 108 बच्चों से खुली मुलाकात व्यवस्थित रूप से कराई गई. मुलाकात में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई. मुलाकात के दौरान ड्यूटी में पर तैनात सभी स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा. मुलाकात पश्चात दोपहर लाकअप 13 महिला सहित 291 बंदियों से कुशलतापूर्वक बंद किया.

**हटा उपजेल में बंदियों को बहिनों ने बांधी राखी-** हटा उपजेल में क्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। उपजेल में बंदियों को बहनो ने राखी बांधी और रक्षा का संकल्प लिया। जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह और स्टाफ द्वारा उपजेल पहुंची बहनों के किये खास इंतजाम किये गए ताकि उन्हें कोई दिक्कत न हो और अपने बंदी भाइयों के साथ उत्साह के साथ रक्षाबंधन पर्व मना सके। जेल अधीक्षक ने बताया जेल नियमों के अनुसार सभी बहने अपनी बंदी भाइयों के साथ त्यौहार मना रही है।





## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 10 अगस्त।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत कंसा ग्राम के पास अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी लेने पर पता चला कि ग्राम देवरी लीलाधर निवासी युवक राजकुमार पिता मुन्ना आदिवासी अपनी मां और छोटेभाई के साथ सुरई पाटन मोटर साइकिल से राखी बंधवाने गया था, राखी बंधवाने के बाद वापिस अपने घर लौट रहा था. तभी अज्ञात वाहन से युवक की मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर भाग गया. युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. लोगों की सूचना पर मृतक को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र 108 वाहन से लाया गया, वहीं मां और भाई पूर्ण रूप से सुरक्षित है.



उपाकर्म — मंदिर परिसर में संस्कृत सप्ताह के तृतीय दिवस विप्रों ने किया जागेश्वर नाथ का रुद्राभिषेक

# श्रावणी उपाकर्म संस्कार आत्म-शुद्धि का प्रतीक है : पं. कुंजीलाल

**नवभारत,दमोह 10 अगस्त।** तीर्थ क्षेत्र श्री देव जागेश्वर नाथ मंदिर परिसर बांदकपुर में संस्कृत सप्ताह के तृतीय दिवस में रविवार को श्रावणी उपाकर्म किया गया.

मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पं. रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि मंदिर के चौपरा बावडी में समस्त बिप्रों के द्वारा दूध, दही, घी, गोबर, गौमूत्र से बना हुआ पंचगव्य पीकर प्रायश्चित किया गया. इसके बाद देशी गाय के गोबर से बनी राख, मिट्टी, गाय के गोबर, अपामार्ग, कुशा आदि से दस स्नान सम्पन्न हुये. प्रायश्चित कर्म के बाद समस्त विप्रों द्वारा श्री देव जागेश्वर नाथ का रुद्राभिषेक किया गया. इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में जनेऊ पूजन व हवन किया गया, और भंडारा हुआ।

### रक्षाबंधन पर्व पूजा-पाठ व दान-पुण्य का प्रतीक है

उन्होंने बताया कि श्रावणी उपाकर्म, जिसे रक्षा बंधन के नाम से भी जाना जाता है. श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है. इसका मुख्य उद्देश्य ब्राह्मणों द्वारा अपने जनेऊ पवित्र धागा को बदलना और धार्मिक कर्तव्यों का पुन: स्मरण करना है. यह पर्व ज्ञान, तप, पूजा-पाठ और दान-पुण्य का भी प्रतीक है. श्रावणी उपाकर्म का मुख्य अनुष्ठान जनेऊ बदलना है यह संस्कार आत्म-शुद्धि और धार्मिक कर्तव्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है.

### ऋषि-मुनियों होता है पूजन

संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य पंडित कुंजीलाल डिम्हा ने बताया कि इस दिन, ऋषि-मुनियों का पूजन किया जाता है, जो ज्ञान और वेदों के ज्ञाता माने जाते है श्रावणी उपाकर्म स्वाध्याय स्वयं का अध्ययन का भी पर्व है. इस दिन, वेदों का पाठ और श्रवण किया जाता है और ज्ञान की बातें सीखी जाती हैं यह पर्व प्रायश्चित करने का भी अवसर है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक,सहायक प्रबंधक पंडित केदारनाथ दुबे, पुजारी पुरोहित महासंघ के जिलाध्यक्ष पंडित अजय गर्ग, दमोह नगर पुरोहित पंडित राजेश पाठक, पंडित कैलाश प्यासी, पंडित विश्वनाथ पाण्डेय, पंडित महेश पाण्डेय, पंडित विकास पाठक, आशीष कृष्ण शास्त्री, सुदर्शन पाठक, राम अवतार शास्त्री, सत्यम मिश्रा, कृष्णकान्त गौतम, ठाकुर प्रसाद शास्त्री सहित बडी संख्या में विप्र जनो की उपस्थिति रही.